तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 25 मई 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 भरत का चरित्र संपूर्ण समाज के लिए धर्म पालन की सर्वोच्च प्रेरणा














### अप्रैल अप्रैल 2023 से बंद पड़ा है काम

# टेंडर रेट अप्रूवल नहीं होने के कारण महीनों से अटका है मेडिकल कॉलेज का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- टेंडर जारी होने के बाद भी प्रक्रियाओं में उलझी फ़ाइल

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंह देव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अस्पताल भवन का निर्माण तीन साल बाद भी शुरू नहीं हो पाया है। आलम यह है कि शासन स्तर से राशि जारी किए भी दो साल का समय बीत गया लेकिन टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी वर्क ऑर्डर जारी नहीं हो पा रहा है। अधिकारी शासन स्तर से ही मामला लंबित होने की बात कह रहे है लेकिन राशि जारी होने और टेंडर की प्रक्रिया होने के बाद भी काम शुरू नहीं होने से जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का भविष्य अधर में है। निर्माण की लेट लतीफी का खामियाजा अस्पताल प्रबंधन और संभाग के मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अस्पताल भवन का निर्माण राशि के आभाव में अप्रैल 2023 से बंद पड़ा हुआ है। अस्पताल भवन के शेष बचे निर्माण कार्यो को पूर्ण करने के लिए 109 करोड़ रुपए की जरुरत थी और शासन को राशि स्वीकृति के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। शासन की ओर से लम्बे इन्तजार के बाद 109 करोड़ रुपए जारी करने की घोषणा भी नवम्बर 2024 में की गई लेकिन शासन से सिर्फ 98 करोड़ रुपए ही जारी किए गये। 11 करोड़ रुपए की राशि कम जारी होने से निर्माण एजेंसी और मेडिकल कॉलेज प्रबंधन भी उहापोह बनी हुई थी। इस बीच शासन के निर्देश व आश्वासन के बाद लोक निर्माण विभाग ने 109 करोड़ रूपए की लागत से निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया था। टेंडर जारी होने के बाद महीनों तक प्रक्रिया ऑनलाइन चलती रही। इस दौरान तीन बड़े फर्म ने निर्माण कार्य में दिलचस्पी दिखाई और अब बताया जा रहा है कि रायपुर कंस्ट्रक्शन कंपनी का रेट सबसे कम आया है और उसे टेंडर मिलने की संभावना भी है लेकिन फिलहाल टेंडर के बाद रेट अप्रूवल समिति अपनी ओर से सहमती नहीं दे पाई है। शासन स्तर पर ही निर्माण कार्य के लिए टेंडर के लिए न्यूनतम दर को स्वीकृति नहीं मिल पाई है। शासन से स्वीकृति नहीं मिलने के कारण वर्क ऑर्डर जारी नहीं हो पा रहा है और जब तक वर्क ऑर्डर जारी नहीं होता है तब तक निर्माण कार्य भी अधर में लटका रहेगा।



निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज।

#### अस्पताल में हरपल बढ़ रही परेशानी

मेडिकल कॉलेज के अस्पताल भवन के निर्माण का कार्य शुरू नहीं होने से अस्पताल प्रबंधन और मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। सबसे ज्यादा परेशानी इस बारिश में मरीजों को झेलनी पड़ी। वर्षों पुराना जिला अस्पताल का भवन अब जर्जर हो चुका है और छत से जगह जगह पानी टपक रहा है। ऐसे में पूरी बारिश मरीज हलाकान रहे वहीं सुरक्षा को लेकर प्रबंधन की चिंता भी बढ़ गई है। अब फिर से अगली बारिश तक मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन का निर्माण पूर्ण नहीं हो पाएगा। निर्माण कार्य को पूर्ण होने में ही न्यूनतम दो साल का समय लगने की संभावना है ऐसे में हरपल मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

#### होने है ये निर्माण

राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन के निर्माण हेतु शासन से कुल 374 करोड़ की स्वीकृति मिली थी। स्वीकृति के बाद मार्च 2019 में टेंडर 366 करोड़ की लागत से निर्माण के लिए टेंडर किया गया था और इसमें 168 करोड़ से हॉस्पिटल भवन का काम होना था। इस राशि से सिर्फ अस्पताल के पांच मंजिला भवन को ही खड़ा किया जा सका है। अस्पताल भवन में अभी प्लास्टर, पेंट-पुट्टी, टाइल्स, सेनेटरी वेयर के काम शेष है इसके साथ ही विद्युतीकरण का 50 प्रतिशत काम शेष है। वहीं अस्पताल में दरवाजा, खिड़की, गैस, ऑक्सीजन पाइप पाइन, एसी, सहित अनेकों कार्य शेष पड़े हुए है। बताया जा रहा है कि अस्पताल में सिर्फ 65 प्रतिशत ही काम हुआ है और शेष कार्य के लिए ही 109 करोड़ की जरुरत थी।

#### जल्द मिलेगी स्वीकृति

भवन निर्माण के लिए टेंडर जारी किया गया और टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। शासन से स्वीकृति मिलना शेष है। जल्द स्वीकृति मिलते ही वर्क ऑर्डर जारी कर काम शुरू कराया जाएगा।

-वीरेंद्र चौधरी, ईई लोनिवि



## ओड़िसा का गांजा सप्लायर दंपती चढ़ा आबकारी उड़नदस्ता के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- साढ़े चार लाख कीमत का गांजा जब्त

क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने न सिर्फ उड़ीसा के गांजा सप्लायर पति पत्नी को एक साथ ग्राम जजगा में पकड़ा बल्कि दोनों के पास से साढ़े चार लाख कीमती 22.6 किलो गांजा जब्त किया। टीम ने आरोपी दंपति के विरुद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को रविवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। टीम ने उड़ीसा के दो गांजा सप्लायर पति पत्नी को थाना सीतापुर क्षेत्र के ग्राम जजगा में गिरफ्तार किया गया। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि रविवार को थाना सीतापुर क्षेत्रों में गशत कर रहे थे। गस्त के दौरान वंदना मेन रोड पर मैनपाट की तरफ जा रहे थे तभी जजगा पुलिया के पास एक महिला और एक पुरुष उड़ीसा नंबर की स्कूटी के साथ दो बोरियों के साथ खड़े थे। दोनों सरकारी वाहन को देख हड़बड़ा गए। जब दोनों से पूछताछ की गई तो दोनों ने बोरियों में गांजा होने की बात बताई। पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम रूपनाथ यादव तथा महिला ने अपना नाम इच्छा यादव बताया साथ ही पति पत्नी होने की बात बताई। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि रूपनाथ यादव बंदना थाना सीतापुर का मूल निवासी हैं परंतु वह उड़ीसा की इच्छा यादव के साथ शादी करके ग्राम रस्टी थाना किंजीर कला जिला सुंदरगढ़ में रहने लगा है। रूपनाथ यादव अपनी पत्नी के साथ अभी बंदना आया हुआ था और गांजा उड़ीसा से लेकर सप्लाई के लिए आया था।

दोनों के कब्जे की बोरियों में भरे गांजे की तौल की गई तो गांजे का कुल वजन 22.600 किलोग्राम होना पाया गया। उक्त गांजे का बाजार मूल्य लगभग साढ़े चार लाख रुपए है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि उड़ीसा राज्य से ही 90 प्रतिशत गांजा छत्तीसगढ़ में आता है।

#### खबर संक्षेप

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के क्रियान्वयन हेतु समिति गठित

**अम्बिकापुर।** जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिला स्तरीय समिति गठित किया गया है। जिसमें कलेक्टर सरगुजा अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सरगुजा सदस्य सचिव होंगे। इसी प्रकार समिति के सदस्य आयुक्त नगर पालिक निगम, उप पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, कार्यापालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कार्यापालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, जिला क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण सरंक्षण मंण्डल एवं उप संचालक पंचायत समिति के सदस्य होंगे।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की गई जान

**अम्बिकापुर।** लुंड्रा मुख्य मार्ग भालू मोड़ के समीप बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार वृद्ध की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम रघुनाथपुर बटवाही खुटापारा निवासी लाल मोहम्मद अंसारी आ. स्व. टिंकू अंसारी (61 वर्ष) 23 मई को 11 बजे किसी काम के सिलसिले में बाइक से अकेले लुण्ड्रा तहसील जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार लुण्ड्रा मुख्य मार्ग भालू मोड़ के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप क्रमांक सीजी 15 ईजेड 5338 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## सरगुजा को मिली अत्याधुनिक संसाधनों से लैस मोबाइल फॉरेंसिक वैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पर्यटन मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, मौके पर ही हो सकेगा वैज्ञानिक विश्लेषण

आधुनिक कानून व्यवस्था और वैज्ञानिक अपराध अनुसंधान को नई मजबूती प्रदान करते हुए पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने पुलिस ग्राउंड में अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार तकनीक आधारित सुशासन और सुदृढ़ कानून व्यवस्था के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। मोबाइल फॉरेंसिक वैन की शुरुआत अपराध अनुसंधान प्रणाली को आधुनिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे घटनास्थल पर ही वैज्ञानिक जांच संभव होगी और अपराधों की जांच पहले से अधिक सटीक, तेज एवं विश्वसनीय बन सकेगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित यह मोबाइल फॉरेंसिक वैन पुलिस विभाग के लिए चलती-फिरती वैज्ञानिक प्रयोगशाला की तरह कार्य करेगी। इससे साक्ष्य संग्रहण, संरक्षण और प्रारंभिक परीक्षण तुरंत घटनास्थल पर ही किया जा सकेगा, जिससे जांच में लगने वाला समय कम होगा तथा साक्ष्यों के नष्ट या दूषित होने की संभावना भी घटेगी। इस दौरान एसएसपी राजेश अग्रवाल ने बताया कि मोबाइल फॉरेंसिक वैन के संचालन से अपराध जांच प्रणाली को नई गति मिलेगी। अब पुलिस को प्राथमिक वैज्ञानिक परीक्षण के लिए लंबी प्रक्रिया का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। घटनास्थल पर ही डिजिटल दस्तावेजीकरण, फोटोग्राफी, फिंगरप्रिंट परीक्षण और अन्य तकनीकी जांच संभव हो सकेगी। इससे गंभीर अपराधों की जांच अधिक प्रभावी होगी और न्यायिक प्रक्रिया को भी मजबूती मिलेगी। विशेषज्ञों के अनुसार वैज्ञानिक साक्ष्य किसी भी अपराध की जांच में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कई बार घटनास्थल से साक्ष्य प्रयोगशाला तक पहुंचाने में देरी होने के कारण उनकी गुणवत्ता प्रभावित हो जाती थी। मोबाइल फॉरेंसिक वैन इस चुनौती का प्रभावी समाधान साबित होगी। इस दौरान लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, आईजी दीपक झा, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।



#### अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है मोबाइल फॉरेंसिक वैन

यह मोबाइल फॉरेंसिक वैन आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों और तकनीकों से सुसज्जित है। इसमें घटनास्थल संरक्षण किट, साक्ष्य संग्रहण एवं सीलिंग उपकरण, फिंगरप्रिंट डिटेक्शन सिस्टम, नारकोटिक्स परीक्षण किट, डिजिटल फॉरेंसिक सपोर्ट सिस्टम, हाई रिजॉल्यूशन फोटोग्राफी उपकरण, बुलेट होल स्क्रीनिंग एवं बैलिस्टिक जांच किट तथा गनशॉट रेजिड्यू परीक्षण किट जैसी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त वैन में कंप्यूटर आधारित डेटा विश्लेषण प्रणाली, डिजिटल रिकॉर्डिंग व्यवस्था और सुरक्षित साक्ष्य संरक्षण सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इससे हत्या, सड़क दुर्घटना, साइबर अपराध, नशीले पदार्थों की तस्करी तथा अन्य गंभीर मामलों में मौके पर ही प्रारंभिक वैज्ञानिक विश्लेषण संभव हो सकेगा।

## सरगुजा में पुलिस ने 77 वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- 17 वर्षों से फरार वारंटी भी पकड़ाया

सरगुजा में स्थाई और गिरफ्तारी वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की गई है। विभिन्न थाना व चौकी क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई करते हुए कुल 77 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटियों में 57 स्थाई और 20 गिरफ्तारी वारंटी शामिल है। इसके साथ ही पुलिस ने एक प्रकरण में 17 वर्षों से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को भी पकड़कर न्यायालय में पेश किया है।




बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल ने जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने अपने थाना व चौकी क्षेत्रों में लंबित स्थाई और गिरफ्तारी वारंट की तमिली कराने और वर्षों से फरार चल रहे वारंटियों को पकड़कर न्यायालय में पेश करने के निर्देश दिए थे। एसएसपी के इस निर्देश के बाद जिले भर में पुलिस टीम द्वारा अभियान चालाकर फरार चल रहे वारंटियों की धर पकड़ की गई। कार्रवाई के दौरान कोतवाली पुलिस द्वारा 16 वारंट तामील किए गए, थाना गांधीनगर द्वारा 13 वारंट, थाना मणिपुर द्वारा 3, थाना लखनपुर द्वारा 6, थाना लुंड्रा द्वारा 8, थाना धौरपुर द्वारा 2, चौकी रघुनाथपुर 1, थाना उदयपुर 3, थाना सीतापुर 4, महिला थाना द्वारा वर्ष 2009 से फरार चल रहे वारंटीको गिरफ्तार किया गया इस प्रकार, कुल 57 स्थाई वारंटी एवं 20 गिरफ्तारी वारंट कुल 77 वारंटी को तमिल कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। सभी स्थाई वारंटियों की फिंगर प्रिंट एवं बायोमेट्रिक्स स्कैन किया गया है जिससे उनके द्वारा भविष्य में आपराधिक घटना में संलिपता पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## टैंकर चालकों के साथ मिलकर ढाबा संचालक कर रहा था डीजल की चोरी

- 950 लीटर डीजल के साथ दो गिरफ्तार, एक वाहन चालक फरार

**अंबिकापुर।** एक तरफ पेट्रोल डीजल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है और लोगों को सिमित मात्रा में ही पेट्रोल डीजल प्रदान किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर लोग अपने मुनाफे के लिए टैंकरों से डीजल चोरी के कारोबार में भी लिप्त हो गए है। इस बात का प्रतापपुर पुलिस की कार्रवाई से हुआ है। पुलिस ने टैंकर चालक और ढाबा संचालक को गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी किया गया 950 लीटर डीजल, दो टैंकर, स्कोर्पियो वाहन को बरामद किया है। बताया जा रहा है कि प्रतापपुर पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि ग्राम दुरती में अन्नपूर्णा ढाबा के संचालक द्वारा डीजल टैंकर चालकों की मदद से अपने ही ढाबा के पीछे टैंकर से डीजल चोरी की जा रही है। सूचना मिलने के बाद एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर पुलिस ने घेराबंदी की। इस दौरान यह बात सामने आई कि टैंकर वाहन क्रमांक डब्ल्यूबी 78-5226 एवं टेंकर वाहन क्रमांक एनएल 06 ए 9129 में 24-24 हजार लीटर भारतीय पेट्रोलियम कंपनी का डीजल भरा हुआ था। टैंकर से डीजल मुगल सराय से उड़ीसा पहुंचाया जाना था लेकिन ढाबा संचालक रविकांत यादव ने दोनों टैंकरों के चालकों से सांठ-गांठ की गई और टैंकरों को अपने ढाबा के सामने ⏭ शेष पेज 4 पर



### मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीएनई सेल द्वारा किया गया आयोजन

# चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ को दिया गया स्ट्रेस मैनेजमेंट स्किल का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध जिला चिकित्सालय में सीएनई सेल के तत्वाधान में आर्ट ऑफ़ लिविंग टीम द्वारा स्ट्रेस मैनेजमेंट स्किल्स विषय पर विशेष प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया।

शनिवार को मेडिसिन लेक्चर हॉल में दोपहर 2 से 3.30 बजे तक विशेष प्रशिक्षण में चिकित्सा शिक्षक, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, नर्सिंग छात्र एवं चिकित्सालय में कार्यरत अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चिकित्सालय में कार्यरत कर्मचारियों को कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन की प्रभावी एवं व्यावहारिक तकनीकों से अवगत कराना था ताकि मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक कार्य व्यवहार, कार्य संस्कृति एवं कार्यक्षमता में वृद्धि हो सके। आर्ट ऑफ लिविंग टीम के मास्टर ट्रेनर संजय अग्रवाल, स्टेट टीचर कॉर्डिनेटर आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा सत्र के दौरान तनाव कम करने, मानसिक संतुलन बनाए रखने, सकारात्मक सोच विकसित करने तथा व्यस्त कार्यशैली के बीच मानसिक शांति बनाए रखने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं व्यावहारिक अभ्यास कराए गए। प्रशिक्षण में सरल योग, श्वास तकनीक एवं मानसिक एकाग्रता बढ़ाने के उपायों की जानकारी भी साझा की गई। इस दौरान अधिष्ठाता डॉ. अविनाश मेश्राम और अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या ने सभी कर्मचारियों को तनावमुक्त होकर मरीजों की संवेदनशील एवं बेहतर सेवा प्रदान करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही आर्ट ऑफ लिविंग टीम एवं प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी कर्मचारियों के हित एवं मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के उपयोगी कार्यक्रम आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। सीएनई सेल के अंतर्गत संचालित इस कार्यक्रम के आयोजन में अध्यक्ष सुश्री दीपिका तिर्की, सदस्य सचिव सुश्री प्रिया परीडा तथा सदस्य सुश्री संगीता सिंह सहित अन्य नर्सिंग स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी , सहायक अस्पताल अधीक्षक डॉ. अर्पण सिंह चौहान, डॉ. संतु बाघ, प्रशासनिक अधिकारी सुश्री पूर्णिमा केशरवानी, डायटीशियन श्रीमती सुमन सिंह एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।






**खबर संक्षेप**

### शहर के मानस भवन में शिविर आज

**बैकुण्ठपुर।** आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन कोरिया द्वारा 25 मई को नगर पालिका बैकुंठपुर में सुशासन त्योहार के तहत जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर शहर के मानस भवन में किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरूण एक्का ने बताया कि शिविर में नगर के वार्डों के नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। यहां विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ प्रदान किया जाएगा। शिविर की विशेषता यह रहेगी कि जिला प्रशासन के सभी प्रमुख विभाग एक ही स्थान पर अपने स्टॉल लगाएंगे, जहां नागरिक अपनी समस्याओं का सीधे दर्ज करा सकेंगे और संबंधित अधिकारियों द्वारा उनका त्वरित निराकरण किया जाएगा।

### खरौद एवं खैजा में जनसमस्या निवारण शिविर 26 को

**जांजगीर-चांपा।** राज्य शासन द्वारा सुशासन को जन-जन तक पहुंचाने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत लगातार जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के साथ विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। इसी के तहत नगर पंचायत खरौद में आयोजित शिविर में वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक के कुल 15 वार्ड शामिल होंगे। वहीं ग्राम पंचायत खैजा में आयोजित शिविर में खैजा, नवगवां, बेलटुकरी, पंतोरा, हेड़सपुर, बक्सरा, अंगारखार, करमा, कण्डरा, गतवा, केराकछार, बोकरेल, बोकरामुड़ा, परसदा, पुरेना, देवरी, पहरिया, करमंदा, औराईखुर्द, औराईकला, जर्वे-ब, बैजलपुर एवं खोहा सहित कुल 23 ग्राम पंचायतें शामिल होंगी।

### तेज रफ्तार कैप्सूल वाहन की चपेट में आकर मासूम की मौत

**जांजगीर-चांपा।** तेज रफ्तार अनियंत्रित कैप्सूल वाहन ने सड़क किनारे चल रहे एक मासूम बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में 4 साल हर्ष श्रीवास की मौत हो गई। घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम केरा की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम केरा निवासी मनोज श्रीवास का 4 वर्षीय पुत्र हर्ष श्रीवास शनिवार 23 मई की शाम करीब 6 बजे सड़क किनारे से पार हो रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार एक कैप्सूल वाहन आया। अनियंत्रित कैप्सूल वाहन ने हर्ष को टक्कर मार दी। हादसे को अंजाम देकर वाहन समेत कैप्सूल चालक फरार हो गया। इधर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। आनन फानन में हर्ष श्रीवास को अस्पताल में पहुंचाया गया। अस्पताल में परीक्षण करने के उपरांत डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो चुका है। पुलिस उसकी पतासाजी में जुटी है।

### मोबाइल एवं ऑनलाइन माध्यम से लगाए जा रहे लाखों रुपए के दांव

**चांपा।** शहर सहित आसपास के इलाकों में सट्टा का कारोबार बेखौफ रुप से चल रहा है। कई जगहों पर मोबाइल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए लाखों रुपये का दांव लगाया जा रहा है। क्रिकेट सट्टे का सबसे खतरनाक असर युवाओं और नाबालिगों पर दिखाई दे रहा है। आसान पैसे और रातोंरात कमाई के लालच में युवा अपना भविष्य दांव पर लगा रहे हैं। नगर सहित आसपास के इलाके में आईपीएल के रोमांच के साथ क्रिकेट सट्टे का कारोबार तेजी से चल रहा है। लगभग 65 मुकाबले पूरे हो चुके हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि स्थानीय पुलिस अब तक एक भी बड़ी कार्रवाई नहीं कर पाई है। हाल ही में चांपा का एक नाबालिग युवक सट्टे में बड़ी रकम हार गया। डर के कारण उसने अपनी मां के एटीएम कार्ड से पैसे निकालकर सटोरिए को चुका दिया। जब मामला परिवार के सामने आया तो घर में तनाव बढ़ गया और युवक नाराज होकर घर छोड़कर चला गया।

**राम कथा का सातवां दिन**

**जगद्गुरू रामभद्राचार्य महाराज ने किया भावपूर्ण वर्णन, मंत्रमुग्ध हुए श्रोता**

# भरत का चरित्र संपूर्ण समाज के लिए धर्म पालन की सर्वोच्च प्रेरणा

**डोमनहिल।** एमसीबी जिले के चिरमिरी क्षेत्र स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में 17 मई से आयोजित श्रीराम कथा के सातवें दिन पूज्य जगद्गुरू रामभद्राचार्य जी महाराज ने भरत चरित्र का अत्यंत मार्मिक एवं विस्तृत वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने भरत के त्याग, भाई प्रेम, वैराग्य और आदर्श जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भरत का चरित्र संपूर्ण मानव समाज के लिए निष्काम प्रेम, कर्तव्य और धर्म पालन की सर्वोच्च प्रेरणा है।





उन्होंने कहा कि भरत ने अयोध्या का राजपाट त्यागकर प्रभु श्रीराम की खड़ाऊं को सिंहासन पर स्थापित किया और स्वयंसेवक की तरह रहकर राज्य का संचालन किया। यह त्याग और समर्पण भारतीय संस्कृति में भ्रातृत्व प्रेम की सबसे बड़ी मिसाल है। कथा के दौरान जगदगुरू ने कहा कि भरत और श्रीराम का प्रेम संसार में अद्वितीय है, जहां सत्ता और संपत्ति भी भाइयों के बीच दूरी नहीं ला सकी। उन्होंने बताया कि भरत का मन भौतिक सुखों से सदैव विरक्त रहा और उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन प्रभु श्रीराम को समर्पित कर दिया। उन्होंने सनातन संस्कृति के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि भरत चरित्र हमें यह शिक्षा देता है कि मनुष्य को सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठकर धर्म, नीति और परिवार के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। कथा के मध्य क्षेत्र के वर्षों से अन्न त्याग चुके वृद्ध त्यागी बाबा सहित जगन्नाथ मंदिर के पुजारी पुरूषोत्तम पुरी जी महाराज एवं लक्ष्मी पुरी जी महाराज पहुंचे, जिनका स्वागत प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा दीपू जी महाराज ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर किया। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष अंबिकापुर से आए भरत सिंह सिसोदिया के साथ हरमिंदर सिंह एवं शैलेन्द्र सिंह ने आरती में भाग लेकर पूज्य जगद्गुरू रामभद्राचार्य जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

कथा के दौरान पूज्य महाराज ने कहा कि देश का नाम हिन्दुस्तान के स्थान पर हिन्दुस्थान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता और समाज में हर व्यक्ति बड़े पद पर नहीं पहुंच सकता, ऐसे में हिन्दू समाज के बच्चों को राष्टहित को ध्यान में रखते हुए छोटे से छोटा कार्य भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करना चाहिए।

### बैकुंठपुर से रोज रवाना हो रही बस



जगद्गुरू श्री रामभद्राचार्य महाराज के श्रीराम कथा कार्यक्रम चिरमिरी गोदरीपारा में 17 मई को भव्य कलशयात्रा के साथ शुरू हुई। इसके बाद से लगातार श्रीराम कथा का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। शहर व आस-पास के श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा स्थल पर लाने ले जाने के लिए देवराहा बाबा सेवा समिति बैकुंठपुर द्वारा निःशुल्क बस की सुविधा प्रदान की गई, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु आयोजित श्रीराम कथा में पहुंच कर लाभ प्राप्त करें। देवराहा बाबा सेवा समिति द्वारा शनिवार को भी दो बसों से श्रद्धालुओं को गोदरीपारा चिरमिरी कथा स्थल तक ले जाया गया और कथा के समापन पश्चात ले जाए गए सभी श्रद्धालुओं को वापस लाया गया। इस तरह प्रतिदिन देवराहा बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में शहर व आस पास क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क दो बसों की सेवा प्रदान की गई। इस सेवाभाव कार्य के लिए श्रद्धालुओं ने देवराहा बाबा सेवा समिति का आभार व्यक्त किया।

**जिला विभाजन के बाद बदल गया कोरिया का भूगोल, जिले का स्थापना दिवस आज**

# 28 बरस बाद भी कोरिया में कई सुविधाएं नहीं



कलेक्टर कार्यालय।



झूमका जलाशय।




सोनहत का गुरूघासीदास राष्ट्रीय उद्यान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग राज्य स्थापना के पूर्व अविभाजित मप्र के दौरान सरगुजा जिले का विभाजन कर कोरिया जिले का गठन आज के दिन 25 मई 1998 को हुआ, तब होली और दीवाली एक साथ मनाई गई।

नवगठित कोरिया जिला कोयले की खान के अलावा समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को समेटे संघर्ष, बदलाव और विकास की एक लंबी यात्रा तय कर आज 28 साल पूरे कर लिए। इस बीच कोरिया जिले के विकास में कई उतार-चढ़ाव भी देखे, इस लंबे सफर के दौरान जिले में बुनियादी सुविधाओं और अधोसंचरना के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई, वहीं हाल के वर्षो में कोरिया जिले का विभाजन कर दिया गया, इससे इसकी भौगोलिक और प्रशासनिक सीमाओं को पूरी तरह से बदल कर रख दिया गया। जिले के विभाजन को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि व नेता अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन पर लंबे समय तक बैठे और विभाजन पश्चात खड़गवां जनपद को कोरिया में शामिल करने की मांग को पूरजोर तरीके से उठाया( आज खड़गवां का कुछ पंचायत ही कोरिया जिले को मिली। स्वयं जनपद मुख्यालय खड़गवां आज एमसीबी जिले का हिस्सा बनकर रह गया, जबकि खड़गवां से बैकुंठपुर की दूरी मात्र 30 किमी है। विभाजन के बाद जिले का बदला भूगोल-कोरिया जिले के इतिहास में सबसे बडे बदलाव का गवाह जिले का विभाजन रहा। कोरिया जिले का विभाजन कर नया एमसीबी जिला का गठन किया गया। विरोध के बावजूद मांगों को पूरा नहीं किया गया। इस विभाजन के बाद कोरिया जिले का भूगोल ही बदल गया। जिले का विभाजन कर नया जिला एमसीबी की तुलना में कोरिया छोटा हो गया और इस छोटे जिले में विकास की जिम्मेदारी कम नहीं हुई, अब भी कोरिया जिले को विकास के उच्च पायदान पर ले जाने के लिए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सामने बड़ी चुनौती है। लंबे सफर में क्या खोया क्या पाया-कोरिया जिला गठन के आज 25 मई को 28 साल पूरे हो गए। इस दौरान कोरिया जिले के विकास को लेकर कई उतार-चढ़ाव भी देखने को मिले। इस दौरान कोरिया जिले को कुछ सौगाते भी मिली, लेकिन उम्मीद के अनुरूप विकास की सौगात नहीं मिल पाई, बल्कि विकास के सोपान पर धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे कोरिया का विभाजन कर देना जिले के इतिहास में दर्ज हो गया। कोरिया जिले के गठन के पश्चात से अब तक स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई, लेकिन अब भी दोनों क्षेत्र में चुनौती बनी हुई है। इन वर्षो में कोरिया जिला सहित जिले के सबसे बड़े जिला अस्पताल में सुविधाओं का विस्तार हुआ, लेकिन अब भी यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी बरकरार है। कई मामलों में सुविधा के अभाव में बडे शहरों के लिए रिफर कर दिया जाता है, वहीं कोरिया जिले में जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव में लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने की कवायद भी पूरी नहीं हो पाई है। आज भी जिले के कई गांवों में लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रही।

### विधि कॉलेज की उम्मीद अधूरी

बैकुंठपुर में विधि संकाय खोले जाने की मांग समय समय पर उठती रही, लेकिन इस दिशा में अब तक सार्थक पहल नहीं हो पाई। विधि संकाय की सुविधा नहीं होने के कारण कानून की पढ़ाई करने के लिए यहां के विद्यार्थियों को अंबिकापुर या बिलासपुर की ओर रूख करना पड़ता है। यही कारण है कि जिला न्यायालय बैकुंठपुर में महिला अधिवक्ताओं की संख्या गिनती के हैं।

### हवाई पट्टी की घोषणा भी हवा हवाई

कोरिया जिले में एक अदद हवाई पट्टी भी नहीं है, इसके लिए पूर्व में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा कोरिया जिले में हवाई पट्टी बनाने की घोषणा की गई थी, इसके लिए अधिकारियों के द्वारा जमीन का चिन्हांकन भी किया गया ,जिसका ग्रामीणों के द्वारा विरोध किया गया और अब तक जिले में हवाई पट्टी बनाने की घोषणा सिर्फ हवा हवाई ही रह गई।

# भाजपा झुझोप्र कोरिया की नई टीम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ कोरिया द्वारा जिला एवं मंडल स्तर की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। यह नियुक्तियां प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के मार्गदर्शन में जिला संयोजक रोशन राजवाड़े द्वारा घोषित की गई।

जिला स्तर पर संतोष यादव, अभिजीत दुबे एवं गोलू गुप्ता को जिला सह संयोजक बनाया गया है। श्याम खलखो को जिला कोषाध्यक्ष एवं बनवारी लाल राजवाड़े को जिला सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। अमयलाल पंडो को जिला कार्यालय मंत्री तथा जवाहर साहू को जिला सह कार्यालय मंत्री नियुक्त किया गया है। सोशल मीडिया प्रभार में ओम प्रजापति को जिला सोशल मीडिया प्रभारी एवं संजय पैकरा को जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। गोपाल सोनी को जिला मीडिया प्रभारी एवं उमाशंकर राजवाड़े को जिला सह मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। मनोज कुमार को जिला संवाद प्रमुख एवं नीरज राजवाड़े को जिला सह संवाद प्रमुख नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार गदल साय राजवाड़े को जिला योजना प्रभारी एवं सुरेन्द्र राजवाड़े को जिला सह योजना प्रभारी बनाया गया है। मन की बात कार्यक्रम के लिए अशोक राजवाड़े को प्रभारी एवं सत्यम यादव को सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंडल स्तर पर बैकुंठपुर में अग्निमंत्र सिंह चंदेल को संयोजक तथा सुरेश तिर्की एवं हरी राजवाड़े को सह संयोजक बनाया गया है। चरचा मंडल में शरद सिंह संयोजक तथा अर्जुन कुमार एवं पिताम्बर राजवाड़े सह संयोजक नियुक्त हुए हैं। सलका मंडल में दीपक दास को संयोजक एवं रोशन विश्वकर्मा तथा रितुराज मानिकपुरी को सह संयोजक बनाया गया है। कुड़ेली मंडल में संतोष यादव को संयोजक तथा महेश राजवाड़े एवं अशोक यादव को सह संयोजक बनाया गया है। पटना मंडल में सन्नी सिंह को संयोजक तथा परमेश्वर प्रजापति एवं राहुल राजवाड़े को सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। बचरापोड़ी मंडल में सुमार लाल सिरदार संयोजक तथा किशुन यादव एवं संजय सिंह सह संयोजक नियुक्त किए गए हैं। सोनहत मंडल में मनोज भगत को संयोजक एवं सुरेन्द्र राजवाड़े तथा आनंद प्रसाद पनिका को सह संयोजक बनाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ समाज के अंतिम व्यक्ति तक संगठन की विचारधारा एवं सरकार की योजनाओं को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वहीं जिला संयोजक रोशन राजवाड़े ने सभी पदाधिकारियों से संगठन विस्तार एवं जनसेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# मंत्री ने मृतका के परिजन से की मुलाकात

**बिजुरी।** नगर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित माईनस कॉलोनी में विगत दिनों एक युवती शिवांगी परिवर्तित नाम के साथ हुई लूट और नृशंस हत्या की घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।



इस हृदय विदारक घटना के बाद कोतमा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश सरकार में मंत्री दिलीप जायसवाल पीड़ति परिवार से मिलने उनके निवास पहुंचे और परिजन को सांत्वना दी। मंत्री श्री जायसवाल ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त की तथा घटना की जानकारी ली। उन्होंने परिजन को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरी सरकार और प्रशासन उनके साथ मजबूती से खड़ा है। घटना की कड़ी निंदा करते हुए मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि बेटी के साथ दरिंदगी करने वाले आरोपियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की त्वरित जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पीड़ति परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। मंत्री ने कहा कि पुलिस लगातार मामले की जांच में जुटी हुई है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कानून के तहत कठोर दंड दिलाया जाएगा, ताकि समाज में ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ा संदेश जाए। इस दौरान नगर पालिका बिजुरी की अध्यक्ष सहबीन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीति शर्मा, वार्ड पार्षद अन्नू देवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटी, महिला की मौत, 12 घायल

**आमाडाडं के समीप स्टेट हाइवे पर देर रात हुआ दर्दनाक सड़क हादसा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अनूपपुर

जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आमाडाडं के समीप स्टेट हाईवे पर देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार स्कॉर्पियों वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में वाहन सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायल एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं, जो दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे।





अस्पताल में भर्ती घायल।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना इतनी भीषण थी कि वाहन पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही रामनगर थाना प्रभारी सुमित कौशिक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस की मदद से डायल-112 वाहन द्वारा सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिजुरी पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शासकीय अस्पताल बिजुरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया गया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी हुई है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और संवेदना का माहौल बना हुआ है।

**भीषण गर्मी से लोगों को हलाकान, दोपहर में सड़कें सूनी**

# आज से नवतपा की शुरुआत, आसमान से बरस रही आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सूर्य के आज रोहणी नक्षत्र में प्रवेश करने के साथ ही नवतपा की शुरूआत हो जाएगी। कोरिया जिले में नवतपा की शुरूआत होने के पूर्व से ही गर्मी से लोगों को हलाकान होना पड़ रहा है।



नवतपा के एक दिन पूर्व रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 43 डिग्री दर्ज की गई, वहीं मौसम के शुष्क रहने एवं सुबह से लगातार तेज धूप के कारण दोपहर के पूर्व से ही आग उगलती सूरज के तपिश से लोग झुलस रहे हैं, इसके चलते दोपहर के समय शहर की मुख्य सड़के व बाजार स्थल क्षेत्र में लोगों की आवाजाही बेहद कम हो जाती है। जानकारी के अनुसार 25 मई से शुरू हो रहे नवतपा के दौरान अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान में और भी बढ़ोतरी होने की संभावना है, इससे गर्मी और ज्यादा सताएगा। हालत है कि अपरान्ह बाद 5 बजे तक सूर्य की तीखी किरणे शरीर को चुभो रही है, ऐसे में आगामी 2 जून नौ दिनों तक लोगों को भीषण गर्मी से हलाकान होना पड़ेगा। इस दौरान अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है।

### बिजली कटौती से लोग परेशान

इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है, इससे राहत पाने के लिए लोग कुलर पंखे का सहारा ले रहे हैं, लेकिन वह भी तेज गर्मी के सामने ज्यादा राहत नहीं दे पा रही है। इसी बीच बिजली की आंख मिचौली से लोगों को सबसे ज्यादा परेशान होना पड़ता है। शहर क्षेत्र में बीते कई दिनों से अघोषित रूप से बिजली कटौती दिन व रात कभी भी होते रहती है, इसे लेकर विभाग की व्यवस्था को लेकर लोगों में नाराजगी रहती है।

### हुई बारिश तो सूखे की संभावना

नवतपा के दौरान सूर्य धरती अन्य दिनों की अपेक्षा काफी निकट रहते हैं, ऐसे में सूर्य की किरणे धरती पर सीधी पड़ती है, इससे धरा खूब तपती है, मान्यता है कि नवतपा के दौरान यदि बारिश होती है तो सूखे पड़ने की संभावना बढ़ जाती है,लेकिन इस दौरान बारिश नहीं होती और धरती खूब तपती है तो मानसूनी सीजन में बारिश की ज्यादा होती है।

# सुंदरपुर विद्यालय के छात्रों ने मलखंभ में दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कोरिया जिले में झुमका तट पर बने हुए ओपन एयर थियेटर में आयोजित दो दिवसीय जश्ने जबां का शुभारंभ विधायक भईयालाल राजवाड़े द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ साहित्यकार, विभिन्न विधाओं के कलाकार और काफी संख्या में कोरियावासी उपस्थित रहे। साईनाथ फाउंडेशन रायपुर के तत्वाधान में आयोजित इस दो दिवसीय आयोजन में साहित्य संस्कृति और लोक कला का अनूठा संगम हो रहा है। प्रथम दिन विधायक भईया लाल राजवाड़े ने दीप प्रज्जवलित कर आयोजन की शुरूआत की।




क्षेत्रीय विधायक श्री राजवाड़े ने इस आयोजन के औपचारिक उद्घाटन कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जश्ने जबां जैसे प्रख्यात आयोजन में मंच पाकर नई-नई कला प्रतिभाओं को अवसर मिल रहा है, इससे आने वाले समय में कोरिया जिले के युवाओं को प्रदेश और देश स्तर पर प्रदर्शन का अवसर मिल सकेगा। जश्ने जबां के सातवें संस्करण के लिए आयोजक संस्था साईनाथ फाउंडेशन को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए मंच से बधाई दी। अतिथि देवेन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में युवाओं को आगे बढ़कर अपने कला के प्रदर्शन से जिले का नाम रौशन करने का आह्वान किया। आयोजन पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्होंने जिले की सभी कला प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप



### नगर पालिका को विकास कार्यों के लिए 5.76 करोड़ की स्वीकृति

**रामानुजगंज।** नगर पालिका के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ 76 लाख की स्वीकृति मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण केसरी एवं मंडल अध्यक्ष सीताराम गुप्ता ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम से अंबिकापुर स्थित उनके आवास में सौजन्य भेंट कर आभार ज्ञापित किया। इस दौरान क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को लेकर सभी जनप्रतिनिधियों ने खुशी जाहिर की तथा एक-दूसरे का मुंह मीठा कर प्रसन्नता साझा की। नेताओं ने कहा कि जनता का स्नेह, विश्वास, सम्मान एवं समर्थन ही राष्ट्र और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रेरणा और ऊर्जा प्रदान करता है। नगर पालिका को मिली यह विकास राशि क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं जनहित के कार्यों को नई गति देगी। जनप्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि यह स्वीकृति क्षेत्र की जनता के लिए लाभकारी सिद्ध होगी और विकास कार्यों से आम लोगों को सीधा फायदा मिलेगा।

### नाला से हटाई गई एक्सपायर कोल्ड्रिंक्स की बोतलें



**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित फकिरवा नाला में बड़ी मात्रा में फेंकी गई एक्सपायर कोल्ड्रिंक्स और फैली गंदगी का मामला संज्ञान में आने के बाद नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया। क्षेत्र में फैल रही दुर्गंध और गंदगी को देखते हुए नगरपालिका की टीम मौके पर पहुंची और नाले की साफ-सफाई कराई गई। नगरपालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के निर्देश पर सीएमओ सुधीर कुमार स्वच्छता दीदी की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों को तत्काल नाले से एक्सपायर कोल्ड्रिंक्स की बोतल हटाने और पूरे क्षेत्र की सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके बाद कर्मचारियों द्वारा नाले की सफाई कर गंदगी हटाई गई, जिससे आसपास के लोगों को राहत मिली। फकिरवा नाला से होकर पुरानडीह सहित आसपास के कई गांवों का संपर्क रामानुजगंज नगर से जोड़ता है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण और राहगीर इस मार्ग से आवागमन करते हैं। ऐसे में नाले में फेंकी गई एक्सपायर कोल्ड्रिंक्स से पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ पशुओं और लोगों के स्वास्थ्य पर भी खतरा बढ़ रहा था। सीएमओ सुधीर कुमार ने बताया कि नाले से हटाई गई प्लास्टिक की बोतलों का पुनः उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूह की महिलाएं इन बोतलों से उपयोगी और आकर्षक सामग्री तैयार करेंगी, जिन्हें बाजार में बेचकर आय का साधन बनाया जाएगा। स्थानीय लोगों ने समय पर की गई सफाई व्यवस्था की सराहना की है।

## बिना बेस ढलाई के खड़ी हो रही किचन बिल्डिंग

# आदिवासी बच्चियों के लिए बन रहे एकलव्य विद्यालय भवन में भारी अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

केंद्र सरकार द्वारा पिछड़े आदिवासी और जनजातीय क्षेत्रों की बच्चियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित आवास और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय अब भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। जिस विद्यालय को आदिवासी बेटियों के सुनहरे भविष्य की मजबूत नींव बनना था, उसी निर्माण कार्य में ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की कथित मिलीभगत से भारी अनियमितताओं के आरोप सामने आ रहे हैं।

**खास बात**

■ लोगों ने ठेकेदार व अधिकारियों पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप

ग्रामीणों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि करोड़ों रुपये की इस परियोजना में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। लगातार शिकायतों के बावजूद न तो निर्माण कार्य की गंभीर जांच कराई जा रही है और न ही दोषियों पर कोई कार्रवाई हो रही है। प्रतापपुर विकासखंड के सरनापारा में लगभग 38 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में अब किचन भवन निर्माण को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे है। आरोप है कि किचन में बिना नीचे बेस ढलाई किए ही ऊपर सेंटरिंग कर सीधे ढलाई का कार्य किया जा रहा है। तकनीकी मानकों के अनुसार जहां ढलाई जाली की दूरी लगभग 6 इंच होनी चाहिए वहां 9 से 10 इंच की दूरी पर जाली बांधी गई है। वहीं निर्माण में केवल 8 एमएम सरिया का उपयोग किया जा रहा है, जिसे विशेषज्ञ बेहद कमजोर मान रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिस प्रकार निर्माण कार्य हो रहा है, उससे भवन की मजबूती पर भी सवाल उठने लगे है। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते निर्माण गुणवत्ता की जांच नहीं हुई तो भविष्य में यह भवन किसी बड़े हादसे की वजह बन सकता है।



भवन का ढलाई करते मजदूर।

### लोहे की जगह बांस और लकड़ी का सहारा

निर्माण कार्य में एक और गंभीर लापरवाही सामने आई है। ग्रामीणों के अनुसार जहां भारी ढलाई कार्य के दौरान लोहे की मजबूत बल्ली और सपोर्ट सिस्टम का उपयोग किया जाना चाहिए, वहां बांस और लकड़ी के सहारे सेंटरिंग कर ढलाई कराई जा रही है। इसे सीधे तौर पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण स्थल पर किसी भी जिम्मेदार इंजीनियर की नियमित मौजूदगी नहीं रहती। मजदूरों से बिना किसी तकनीकी निगरानी के काम कराया जा रहा है। वहीं श्रमिकों के पास हेलमेट, सुरक्षा बेल्ट और अन्य सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध नहीं हैं, जिससे उनकी जान भी जोखिम में बनी हुई है।

### आदिवासी बच्चियों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय योजना का उद्देश्य दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों की बच्चियों को सुरक्षित वातावरण में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा उपलब्ध कराना है। लेकिन यदि भवन निर्माण ही घटिया हो तो यह सीधे तौर पर छात्राओं की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ माना जाएगा। जानकारी के अनुसार एकलव्य विद्यालयों के निर्माण पर औसतन 37.8 करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं, जबकि पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में यह लागत 48 करोड़ रुपये तक पहुंचती है। इसके अलावा छात्रों की शिक्षा, भोजन और अन्य सुविधाओं के लिए प्रति छात्र प्रतिवर्ष अलग से राशि भी स्वीकृत होती है। बावजूद इसके यदि निर्माण में गुणवत्ता नहीं रहेगी तो सरकार की पूरी योजना पर ही सवाल खड़े होने लगेंगे।

### जांच और कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने पूरे निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदार, इंजीनियर तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई हो।

### कलेक्टर को कराएंगे वस्तुस्थिति से अवगत

पूर्व में एकलव्य विद्यालय निर्माण में अनियमितताओं की शिकायत मिलने पर जांच टीम गठित कर मौके का निरीक्षण कराया गया था। जिसमें कई तकनीकी खामियां और गुणवत्ता संबंधी शिकायतें सामने आई थीं। जांच प्रतिवेदन जिला स्तर पर भेजा गया था। निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी और घटिया निर्माण की जानकारी मिली है। मामले को गंभीरता से लेते हुए वे तत्काल मौके पर जाकर निर्माण का निरीक्षण करेंगी तथा पूरी वस्तुस्थिति से कलेक्टर को अवगत कराकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

-ललिता भगत
एसडीएम प्रतापपुर



# ग्राम पंचायत लाऊ में मना जनजातीय गरिमा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

जन भागीदारी सबसे दूर सबसे पहले अभियान के तहत जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत लाऊ में जनजातीय गरिमा उत्सव एवं शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

■ पहाड़ी कोरवा परिवारों को मिला योजनाओं का लाभ

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत लाऊ के साथ-साथ सेवारी, भदार एवं बैढ़ी ग्रामों के पहाड़ी कोरवा परिवार बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाकर हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण किया गया तथा आवश्यक दस्तावेज एवं योजनाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध कराया गया। शिविर के दौरान एसडीएम देवेंद्र प्रधान, तहसीलदार कावेरी मुखर्जी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे द्वारा जनसुनवाई कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। ग्रामीणों ने अपनी जमीन, राशन, प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर में कुल 6 राशन कार्ड वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 40 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां दी गईं। श्रम विभाग द्वारा 3 श्रम कार्ड वितरित किए गए। वहीं जनसुनवाई के कुल 9 प्रकरण प्राप्त हुए, जिन पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

आयुष्मान भारत योजना के तहत 50 नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जिससे जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल सकेगी। राजस्व विभाग द्वारा 4 नामांतरण प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा 5 किसानों को डिजिटल किसान किताब उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा 3 जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र एवं 4 आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जारी किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत 25 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

# ब्लॉक कांग्रेस की हुई प्रथम संयुक्त बैठक, संगठन को मजबूत करने पदाधिकारियों को दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मण्डल कमेटी, पोलिंग बूथ कमेटी एवं वार्ड पंचायत कमेटी की प्रथम संयुक्त बैठक जुनाडीह स्थित एसपीजे मल्टीप्लेक्स में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अमित सिंहदेव के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक शामिल हुए। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस, मण्डल, बूथ एवं वार्ड पंचायत कमेटियों के सभी पदाधिकारियों को कांग्रेस संगठन की मजबूती एवं आगामी रणनीति को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

■ नवनियुक्त पदाधिकारियों को सर्टिफिकेट का वितरण



पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने संगठन विस्तार, जनसंपर्क एवं आम जनता की समस्याओं के निराकरण हेतु सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक, कांग्रेसी नेता विक्रमादित्य सिंहदेव प्रदेश सचिव रणविजय सिंह देव कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष कृपा शंकर गुप्ता ने उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि मण्डल, बूथ एवं वार्ड समितियां कांग्रेस पार्टी की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है और उन्हीं के माध्यम से पार्टी की विचारधारा आम जनता तक पहुंचती है। बैठक में संगठन को गांव-गांव एवं बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। तत्पश्चात पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के हाथों कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारीयो को सर्टिफिकेट का वितरण किया। इस दौरान वीरेन्द्र सिंह देव, हर्ष सिंह देव, गप्पू खान, सराफत अली, रमेश जायसवाल, जगरोपण यादव, मुकेश सिंह, विनोद सिंह, भूखल राम, देवनारायण सिंह, दिनेश तायल, जमील खान, इरशाद खान, सतेंद्र राय, मुन्ना यादव,अशफाक खान,मोजीब खान, रामसूजन द्विवेदी, अजर राम चौधरी, भानु राजवाड़े, मकसूद खान, नंदलाल राजवाड़े, लक्ष्मी सिंह, यशोमती पैकरा, मोनिका पैकरा एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# जिला लघु वनोपज अध्यक्ष एवं प्रबंधक ने किया तेंदूपत्ता खरीदी केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

विकासखंड अंतर्गत बासेंन तेंदूपत्ता खरीदी केंद्र में जिला लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष एवं केंद्र प्रबंधक द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य, खरीदी व्यवस्था, मजदूरों की सुविधाएं तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी का जायजा लिया गया।

केंद्र प्रबंधक सुरेश सोनी ने ग्रामीणों एवं तेंदूपत्ता संग्राहकों को तेंदूपत्ता खरीदी से मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण ग्रामीणों की आजीविका का महत्वपूर्ण साधन है, जिससे हजारों परिवारों को रोजगार एवं आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। शासन द्वारा संग्राहकों को उचित समर्थन मूल्य प्रदान किया जा रहा है ताकि उन्हें उनके मेहनत का सही लाभ मिल सके। उन्होंने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि लघु वनोपज से जुड़े मजदूरों और ग्रामीणों के लिए कई लाभकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें बोनस वितरण, बीमा योजना, श्रमिक हितकारी योजनाएं तथा वनाधिकार से संबंधित सुविधाएं शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने तथा संग्राहकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

# बेटे ने जमीन में बंटवारा मांगा तो पिता ने टांगी से किया प्राणघात हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

ग्राम गुमगरा कला में रविवार को जमीन में बंटवारा मांगने को लेकर पिता ने अपने ही बेटे पर टांगी से प्राण घातक हमला कर घायल कर दिया। परिजन घायल को लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां घायल की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम गुमगरा कला निवासी चंद्रिका सिंह टेकाम (56 वर्ष) रविवार को पिता जगदीश प्रसाद टेकाम से जमीन का बटवारा करने की मांग रहा था। इसी बीच बटवारा की बात कहने से पिता व बेटा के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पिता काफी आक्रोशित हो गया और अपने ही बेटे के सिर में टांगी से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया। मारपीट से बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना को देख परिजन तत्काल घायल को उपचार हेतु एंबुलेंस से लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया।



चिकित्सकों ने घायल की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। टांगी के हमले से घायल चंद्रिका के सर में 20 टांके लगाए गए। इधर परिजन ने घटना की सूचना लखनपुर पुलिस को दी है। परिजन का आरोप है कि जगदीश प्रसाद ने पहली पत्नी की मृत्यु के बाद दूसरी शादी की थी। पहली पत्नी से एक पुत्र और एक पुत्री है और दूसरी पत्नी से पांच पुत्री एक पुत्र है। जब भी पहले पत्नी के पुत्र चंद्रिका टेकाम जमीन बंटवारा करने की बात करता तो उसके पिता ने उसके साथ मारपीट करते हुए जमीन बंटवारा करने से मना कर देता। पूर्व में चार बार पिता द्वारा अपने बेटे के साथ मारपीट किया गया है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** पत्नी व बच्चों को ससुराल में छोड़कर अकेले घर लौट रहे बाइक सवार को उदारी जंगल में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम बरगीडीह निवासी रोहित राम पैकरा आ. दिलबर राम (28 वर्ष) 23 मई को पत्नी व बच्चों को अपने ससुराल ग्राम परसा में छोड़कर अकेले बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही बाइक सवार उदारी जंगल में पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

सरगुजा मार्केट

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 07 जून, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर
गायत्री हॉस्पिटल
• सिर, कमर, हाथ, पैर में दर्द,
• सिर की चोट (हेड इन्जुरी)
• रीढ़ की हड्डी की चोट
• ब्रेन ट्यूमर, स्पाईनल ट्यूमर
• बच्चों में बड़ा सिर (हाइड्रोसिफेल
• पीठ में फोड़ा (मैनिनगोसील)
• माइक्रो एण्डोस्कोपी
• लकवा, सियाटिका
• स्लिप डिस्क आदि का ईलाज

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक -31 मई, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

# सिलफिली स्थित एनएच सड़क हादसे में मृत किशोर की हुई शिनाख्त

**बिश्रामपुर।** एनएच-43 में शनिवार की दोपहर सिलफिली स्थित आकाशवाणी अंबिकापुर के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मृत बाइक सवार नाबालिग किशोर की पहचान हो गई है। मृतक की शिनाख्त 15 वर्षीय शीतल पासवान पिता सरवन पासवान, मूल निवासी अमहर थाना विशुनपुरा जिला गढ़वा (झारखंड), हाल मुकाम मठपारा मणिपुर अंबिकापुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार किशोर शीतल पासवान शनिवार को अपने परिचित की बाइक क्रमांक सीजी 06 पीए 2566 से निजी कार्य से बिश्रामपुर आया था। काम समाप्त कर वह दोपहर करीब डेढ़ बजे अंबिकापुर लौट रहा था। इसी दौरान सिलफिली के पास अंबिकापुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि चार पहिया वाहन का पहिया युवक के सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे हेलमेट सहित उसका सिर बुरी तरह कुचल गया। गंभीर स्थिति के कारण मृतक की पहचान करने में भी काफी दिक्कत हुई। घटना के दूसरे दिन किशोर की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजन को सौंप दिया। परिजन के अनुसार किशोर शीतल पिछले कई वर्षों से अंबिकापुर के गुदरी बाजार में परिवार के साथ सब्जी कारोबार से जुड़ा हुआ था। कम उम्र में ही परिवार की जिम्मेदारियां निभा रहे शीतल की असामयिक मौत से परिवार गहरे सदमे में है। घटना के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 23 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार अनियंत्रित हाइवा 40 फीट गहरी खाई में पलटा, चालक गंभीर

**रामानुजगंज।** अम्बिकापुर-रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग 343 स्थित दलधोआ घाट पर एक तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे 40 फीट गहरी खाई में गिर गया। दुर्घटना में हाइवा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। रविवार को तड़के 5 बजे ग्राम त्रिकुण्डा निवासी चालक मो.असलम हाइवा में गिट्टी लोडकर तेज रफ्तार से जा रहा था। धलधोवाघाट की घुमावदार सड़क पर तेज रफ्तार हाइवा क्रमांक सीजी 30 ए 0122 अनियंत्रित हो गया तथा सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। पेड़ से टकराने के बाद अनियंत्रित हाइवा 40 फीट गहरी खाई में पलट गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि हाइवा के आगे के दोनों चक्के खुलकर अलग हो गए थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग टीम घटनास्थल पर पहुंची तथा कड़ी मशक्कत के बाद गंभीर रूप से घायल चालक को हाइवे पेट्रोलिंग टीम ने घायल चालक को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल बलरामपुर भेजा जहां उसका उपचार चल रहा है। बलरामपुर पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। घायल चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### कार की टक्कर से मजदूर की गई जान

**अम्बिकापुर।** रघुनाथपुर अंतर्गत ग्राम बटवाही निवासी दिलू नागेश आ. हरि भजन (27 वर्ष) मजदूरी करने का काम करता था। 23 मई की शाम मजदूरी कर पैदल घर जा रहा था। मजदूर जैसे ही सरना पारा लुण्ड्रा रोड सरकारी अस्पताल के समीप पहुंचा तभी कार क्रमांक सीजी 15 डीई 9026 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को रघुनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की मौत

अम्बिकापुर। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम लटोरी निवासी राम विलास आ. हुबलाल (22 वर्ष) 17 मई की सुबह अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को लटोरी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। इसी बीच परिजन ने बेहतर उपचार के लिए युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल से छुट्टी कराकर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। 22 मई को चिकित्सकों ने युवक की हालत में सुधार नहीं होने पर रायपुर रेफर कर दिया। परिजन रायपुर ले जाने के बजाय घर लेकर चले गए। आज सुबह युवक की तबीयत बिगड़ जाने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने बताया कि युवक का 20 अप्रैल को ही शादी हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पेज 1 के शेष...

### टैंकर चालकों के साथ मिलकर...

किया गया। इस दौरान टैंकर क्रमांक डब्ल्यूबी 78-5226 के ऑयल टैंक ग्रेडर मशीन से काटकर टेंकर लॉक नोजल निकाल कर धाम, प्लास्टिक जरीकेन में भरा गया। चंदौरा पुलिस की टीम ने रेड कार्रवाई के दौरान 4 नग लोहे के 200 लीटर क्षमता वाले ड्रम, 30 लीटर क्षमता वाले 3 व 20 लीटर क्षमता वाले 2 जरीकेन में डीजल बरामद किया गया। मौके से टीम ने कुल 950 लीटर डीजल बरामद किया जिसकी कीमत 93 हजार 1 सौ रूपए है। इसके साथ ही पुलिस ने मौके से घटना में प्रयुक्त एक लोहे का चाडी, प्लास्टिक का पाईप, एक डीजल पेट्रोल मापने का जग नुमा टीन के चादर का बना हुआ पात्र तथा कमरे के बाहर खुली जगह में 10 नग लोहे का कंम्पाट जो डीजल के कंन्टेनर में लगता है को आरोपी के निशापदेही पर जप्त किया गया। इसके साथ ही पुलिस ने दोनों टैंकर वाहनों, घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो वाहन क्रमांक यूपी 67 एएम 9993, एक नग कटिंग मशीन को जब्त करने के साथ ही आरोपियों ढाबा संचालक यूपी चंदौली अलीनगर आलमपुर निवासी 30 वर्षीय रविकांत यादव आ.राम दयाल यादव और टैंकर क्रमांक एनएल 06-9129 का चालक पश्चिम बंगाल कोलकाता अयूब नगर नदियाल बदराताला निवासी 34 वर्षीय सलीम रहमान खान को बीएनएस की धारा 316(3), 316(5), 3(5) के तहत गिरफ्तार किया है जबकि दूसरे टैंकर चालक की तलाश जारी है। इस कार्रवाई थाना प्रभारी प्रतापपुर नरेन्द्र सिंह, एएसआई राजेश यादव, प्रधान आरक्षक रविशंकर चौबे, आरक्षक नौशाद व जयप्रकाश पन्ना सक्रिय रहे।

## व्यावसाइयों को जारी किया गया निर्देश

# उर्वरकों के विक्रय को लेकर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



**खास बातें**
- विक्रय का रखना होगा पूरा हिसाब
- समितियों में पर्याप्त खाद

रासायनिक उर्वरकों की जमाखोरी एवं कालाबाजारी को रोकने प्रशासन सख्ती बरत रहा है। अधिकारी खाद व्यापारियों के विक्रय की नियमित निगरानी भी कर रहे हैं। सहकारी समितियों एवं व्यवसायियों के गोदाम में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है लेकिन किसान अभी उर्वरकों के उठाव में रूचि नहीं ले रहे है।

किसानों की सुविधा के लिए शासन हर साल समितियों के माध्यम से यूरिया, डीएपी सहित अन्य उर्वरकों को उपलब्ध कराता है। इस बार भी समितियों में अप्रैल माह में ही उर्वरकों का भण्डारण किया गया है। ऐन समय पर किसानों को परेशानी न हो इसलिए बिना ब्याज किसानों को उर्वरकों का अग्रिम उठाव करने की भी सुविधा दी गई है लेकिन किसान उर्वरकों के अग्रिम उठाव में रूचि नहीं ले रहे हैं। सरगुजा में खरीफ फसलों की बुनाई रोपाई शुरू होने के साथ ही किसान उर्वरकों का उठाव करते है जिससे एक साथ किसानों की भीड़ जुटने के कारण हर साल मारामारी की स्थिति निर्मित होती है। समितियों के पास पर्याप्त मात्रा में भण्डारण की सुविधा नहीं होने के कारण कई बार यूरिया, डीएपी आदि का स्टॉक खत्म होने के कारण परेशानी भी होती है। अमेरिका-इरान युद्ध के कारण पूर्व से ही उर्वरकों की कीमतों में वृद्धि होने एवं उर्वरकों की आपूर्ति बाधित होने का भी अनुमान लगाया जा रहा था लेकिन अभी न तो आपूर्ति प्रभावित हुई है न ही कीमतों में ही वृद्धि हुई है। अभी उर्वरकों को अधिक कीमत पर बेचने की भी शिकायतें नहीं है। भविष्य में भी उर्वरकों की आपूर्ति सुचारू रहे इसलिए प्रशासन उर्वरक व्यवसाइयों के भण्डारण एवं प्रतिदिन के विक्रय पर नजर रख रहा है। व्यापारियों को उर्वरकों के विक्रय के लिए निर्देश भी जारी किया है। प्रशासन की सख्ती से खाद व्यवसायियों में हड़कंप है।

### समितियों में लक्ष्य का 49 फीसदी खाद

शासन द्वारा इस बार भी जिला के लिए उर्वरक वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। सरगुजा के लिए 10 हजार टन यूरिया, 1850 टन सुपर फास्फेट, 5 हजार टन इफ्को, 5250 टन डीएपी, 1200 टन पोटास सहित अन्य उर्वरकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में सरगुजा की समितियों में 2117 टन यूरिया, 105 टन सुपर फास्फेट, 100 टन इफ्को, 931 टन डीएपी, 1820 टन पोटास उपलब्ध है। सूरजपुर एवं बलरामपुर की समितियों में भी पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध है। अभी तक सरगुजा के किसानों ने मात्र 77.32 टन यूरिया, 33.65 टन इफ्को, 47.7 टन डीएपी का उठाव किया है। समितियों में 266.50 रूपए बोरी यूरिया, 1350 रूपए डीएपी, 1750 रूपए एनपीके, 652 रूपए बोरी सुपर फास्फेट निर्धारित है। व्यवसायी भी शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही उर्वरकों का विक्रय कर रहे हैं। शेष बचे उर्वरकों की पूर्ति के लिए रैक पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है। अधिकारी निकट भविष्य में उर्वरकों की रैक पहुंचने की बात कह रहे हैं।

#### प्रति एकड़ 1 बोरी यूरिया

खरीफ खेती के लिए यूरिया की भारी मांग होती है तथा एक साथ किसानों की भीड़ उर्वरक लेने के लिए पहुंचते है। इसी दौरान उर्वरकों के लिए मारामारी मचती है। इस बार यूरिया की मांग को नियंत्रित करने कृषि विभाग ने व्यवसाइयों को किसान के खसरा व बी-1 के अनुसार प्रति एकड़ 1 बोरी यूरिया के साथ अन्य वैकल्पिक उर्वरकों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। विभाग द्वारा किसानों को हरी खाद का बीज भी उपलब्ध कराया जा रहा है। रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता बढ़ने के कारण खेतों की उर्वरा क्षमता प्रभावित हो रही है। उर्वरकों का विकल्प उपलब्ध होने से उर्वरकों पर निर्भरता कम होगी तथा किसान जैविक खेती की ओर बढ़ेंगे। प्रशासन की इस पहल को अच्छा माना जा रहा है।

### गांव-गांव में दुकानें

सरगुजा में खरीफ सीजन में गांव-गांव में उर्वरकों की कालाबाजारी होती है तथा बड़ी संख्या में कोचिए खाद एवं हाइब्रिड बीजों का विक्रय कर किसानों की मजबूरी का फायदा उठाते हैं। कोचिए समय पूर्व खाद व्यवसाइयों से उर्वकर खरीदकर भंडारण कर लेते हैं। प्रशासन शहरी क्षेत्र के व्यवसाइयों पर तो नजर रखता है लेकिन कोचियों पर कार्रवाई नहीं हो पाती।

### समितियों में पर्याप्त खाद

समितियों में सभी किस्म के पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध है। किसानों को उर्वरकों के अग्रिम उठाव के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। किसान अग्रिम उठाव में रूचि नहीं ले रहे हैं।

-बालकृष्ण प्रताप सिंह
विपणन अधिकारी, सहकारी केंद्रीय बैंक

*अम्बिकापुर। कलेक्टर एवं ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के जिला समिति के अध्यक्ष अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत सीईओ एवं समिति के सदस्य सचिव विनय अग्रवाल के निर्देशन में जिले में चल रहे पांडुलिपि सर्वेक्षण एवं संरक्षण अभियान के दौरान सीतापुर विकासखंड के रजपुरी गांव से चार पांडुलिपियां प्राप्त हुईं। पांडुलिपियां होने जानकारी पर सर्वेयर शिक्षक सुशील मिश्र और तकनीकी सहायक मुजफ्फर हुसैन संरक्षक परिवार से मिले ।



# विद्युत एवं पेयजल समस्या से जूझ रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छतवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामचन्द्रपुर

- लम्बे समय से विद्युत आपूर्ति ठप, हैण्डपंप भी खराब

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छतवा लम्बे समय से मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा है। क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था बदहाल होने के कारण स्वास्थ्य अमले को स्ट्रीट लाइट की रोशनी में प्रसव कराना पड़ रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में पानी की भी व्यवस्था नहीं है जिससे मरीज एवं स्वास्थ्यकर्मी भीषण जल संकट से जूझ रहे है।

शासन द्वारा दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ग्राम छतवा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इस स्वास्थ्य केंद्र पर ग्राम छतवा, इंदरपुर, चिनिया एवं हरिहरपुर की 6 हजार से अधिक आबादी निर्भर है। स्वास्थ्य अमला पूरी जिम्मेदारी के साथ क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है जिसके कारण हर दिन 500 से अधिक मरीज अस्पताल पहुंचते हैं। स्वास्थ्य केंद्र में भवन एवं अन्य संसाधन तो उपलब्ध है लेकिन बिजली एवं पानी की सुविधा नहीं होने के कारण मरीजों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को लम्बे अर्से से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार विद्युत विभाग द्वारा ग्राम छतवा में विद्युत विस्तार किया गया है लेकिन एकमात्र सिंगल फेस ट्रांसफार्मर होने के कारण कभी भी ट्रांसफार्मर जवाब दे देता है और पूरे गांव के साथ ही स्वास्थ्य केंद्र की भी आपूर्ति बंद हो जाती है। पिछले एक पखवाड़े से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण स्वास्थ्य केंद्र की विद्युत आपूर्ति ठप है। ऐसे में रात में प्रसव के लिए स्वास्थ्य अमले को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्रेडा द्वारा पास में ही सोलर लाइट लगाई गई है। रात में स्वास्थ्यकर्मी बाहर लगे सोलर लाइट की रोशनी में प्रसव कराते हैं। भीषण गर्मी में पंखा बंद होने के कारण स्वास्थ्य अमला पसीने से लथपथ होकर अपनी सेवाएं देता है। मरीजों को भी गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य केंद्र के पास लगा हैण्डपंप भी पिछले एक पखवाड़े से बंद है। भीषण गर्मी में पेयजल के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को भटकना पड़ रहा है। स्वास्थ्यकर्मी बस्ती के हैण्डपंप से अपने पीने के लिए पानी की व्यवस्था करते हैं लेकिन मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में सीएचओ ललिता सिंह ने बताया कि विद्युत एवं पानी के अभाव में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों को स्थिति से अवगत करा दिया गया है। मरीजों को भी काफी परेशानी हो रही है।

# चुनावी जीत के दावे को लेकर हुए विवाद के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं को दिखाया खुखरी-फरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष के विरुद्ध आर्म्स एक्ट का अपराध दर्ज

नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में चुनावी हार जीत के अपने अपने दावे की बातों के दौरान उपजे विवाद ने उग्र रूप धारण कर लिया जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी एवं फरसा खुखरी हथियार दिखाकर डराने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष सूरजपुर मुरली मनोहर सोनी ने थाना बिश्रामपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

दर्ज शिकायत अनुसार 23 मई शनिवार की रात करीब 8 बजे भाजपा कार्यकर्ता मित्तल पांडेय, मुकेश साहू उर्फ छोटू, कृष्ण गोयल बल्लु, दीपेन्द्र चौहान, प्रदीप गुप्ता, प्रदीप सोनी समेत अन्य कार्यकर्ता वार्ड क्रमांक 11 में चुनाव प्रचार कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बस स्टैंड समीप मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर के सामने शिवनंदनपुर निवासी कांग्रेस के नरेंद्र जैन से उनका सामना हुआ। आरोप है कि कांग्रेस सूरजपुर जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी जीत के दावे को लेकर आवेश में आते हुए अभद्र व्यवहार कर मां-बहन की गालियां दीं तथा बड़े आकार के धारदार हथियार खुखरी फरसा निकालते हुए जबरन गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया एवं अन्य वार्ड में ले जाकर भाजपा कार्यकर्ता मित्तल पाण्डेय को जान से मारने की धमकी दी। भाजपा सूरजपुर जिलाध्यक्ष व प्रार्थी मुरली मनोहर सोनी ने घटना को जानबूझकर चुनावी माहौल बिगाड़ने की कोशिश बताते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में आशंका जताई गई है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो चुनाव के दौरान अन्य किसी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अप्रिय घटना घट सकती है। सूरजपुर एसएसपी प्रशांत ठाकुर के निर्देश पर बिश्रामपुर पुलिस ने प्रार्थी मुरली मनोहर सोनी की रिपोर्ट पर शनिवार की देर रात धारा 296, 351(3) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट की आपराधिक धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### भाजपा प्रत्याशी की बढ़ती लोकप्रियता कांग्रेस से नहीं हो रही हजम : मुरली

देर रात भाजपा एवं भाजयुमो कार्यकर्ताओं के साथ हुए विवाद, गाली-गलौज और हथियार लहराने की घटना को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने उक्त घटना को भाजपा कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार से रोकने, डराने का माहौल बनाने तथा निर्वाचन प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने का प्रयास बताया है। उन्होंने कहा कि पहली बार हो रहे नगर पंचायत चुनाव को लेकर हर वर्ग में उत्साह का माहौल है। कांग्रेस को लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर विश्वास रखते हुए जनता को निर्भीक होकर मतदान करने देना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में बन रहे माहौल से कांग्रेस हतोत्साहित हो गई है जिसके कारण कांग्रेस समर्थक बौखलाहट में अमर्यादित हरकतों और गाली-गलौज व हथियार के साथ मारपीट पर उतर हैं।

### कांग्रेस ने सुनियोजित तरीके से फर्जी प्रकरण में फंसाने का लगाया आरोप

शनिवार की देर रात अपराध दर्ज होने पश्चात कांग्रेस सूरजपुर जिलाध्यक्ष शशि सिंह के नेतृत्व में अगले दिन रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिश्रामपुर थाना पहुंचकर बिश्रामपुर पुलिस व एसडीओपी सूरजपुर को ज्ञापन सौंपकर घटना की निष्पक्ष जांच करा फर्जी प्रकरण को समाप्त करने की मांग की है। सौंपे गये गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि चुनावी प्रतिस्पर्धा के कारण जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र जैन को एक रणनीति के तहत फर्जी प्रकरण तैयार कर फंसाया गया है तथा भाजपा कार्यकर्ता मित्तल पाण्डेय पर जानबूझकर चुनावी प्रचार दौरान उकसाने का आरोप भी लगाया है। ज्ञापन की सुनवाई नहीं होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में बिश्रामपुर थाना घेराव करने की बात कही है, रविवार को ज्ञापन सौंपने दौरान कांग्रेस के सुभाष गोयल, रमेश दनौदिया, रामलाल सोनी, पवन अग्रवाल, चन्दन सिंह, विकास सिंह, छंदा श्री, मेहंदी यादव व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गंगा दशहरा के अवसर पर आयोजित भव्य गंगा आरती की तैयारियां जोरों पर



**रामानुजगंज।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर उत्तर दिशा में बहने वाली कनहर नदी के तट पर आयोजित होने वाले भव्य गंगा आरती को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इस वर्ष आयोजन को विशेष रूप देने के लिए नगर पालिका प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मां महामाया मंदिर स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयोजन की तैयारियों को लेकर मौके पर विस्तृत चर्चा की गई तथा आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। आयोजन की विशेष बात यह होगी कि काशी से आए ब्राह्मणों की टोली द्वारा बनारस के प्रसिद्ध अस्सी घाट की तर्ज पर भव्य गंगा आरती की जाएगी। इसके लिए घाट परिसर को आकर्षक ढंग से सजाने के साथ-साथ विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था भी की जा रही है। आयोजन स्थल पर प्रकाश व्यवस्था, रंग-बिरंगी सजावट एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। नगर के जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने स्वयं घाट पहुंचकर साफ-सफाई अभियान चलाया और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। गंगा दशहरा के अवसर पर होने वाले इस भव्य आयोजन को लेकर नगरवासियों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। इस दौरान पार्षद विजय रावत, अर्जुन दास, सुमित गुप्ता, विकास दुबे, अजय गुप्ता, अजय केसरी, बेचू प्रजापति, पिंटू दास, अनूप कश्यप, आशीष गुप्ता, निशांत गुप्ता, विनोद केसरी, अशोक कश्यप, विशाल मिश्रा, संतोष व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान में शामिल हुए जिले के भाजपा पदाधिकारी



**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान अंतर्गत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 22 एवं 23 मई को अंबिकापुर स्थित होटल रिदम गार्डन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में जिलेभर से आए भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

प्रशिक्षण वर्ग जिला एवं वर्ग प्रभारी ओम प्रकाश सिंहा के निर्देशन तथा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कुल 12 सत्र आयोजित किए गए, जिनमें संगठन की कार्य पद्धति, भाजपा की विचारधारा, सेवा, संगठन विस्तार, सुशासन, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान योग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिससे प्रतिभागियों में ऊर्जा एवं अनुशासन का वातावरण बना रहा। उद्घाटन सत्र में अखिलेश सोनी, शिवनाथ यादव, अवधेश चंदेल, रामविचार नेताम, श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा एवं श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते विशेष रूप से उपस्थित रहे। समापन कार्यक्रम में चिंतामणि महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं अंतिम सत्र के वक्ता के रूप में अंबिकेश केसरी एवं प्रिक्षणार्थी के रूप में मुख्य रूप से गोपाल कृष्ण मिश्रा, श्रीमती हीरामुनि निकुंज, धीरज सिंहदेव, लोधी राम एक्का, रमण अग्रवाल उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग के संयोजन एवं मंच संचालन का दायित्व जिला महामंत्री भानु प्रकाश दीक्षित द्वारा प्रभावी एवं व्यवस्थित रूप से निभाया गया। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान प्रदेश द्वारा नियुक्त सभी प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण वर्ग संबंधित अभिमत एवं सभी प्रशिक्षनार्थी का उपस्थिति लेने का दायित्व जिला कार्यालय मंत्री अजय गुप्ता द्वारा कुशलता पूर्वक निभाया गया। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान संजय सिंह, आनंद जायसवाल, बलवंत सिंह, अजीत सिंह, दीनानाथ यादव, गौतम सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, अजय यादव, दिलीप सोनी, मंगलम पांडे, प्रमोद गुप्ता, पुष्पेंद्र सिंह, अज्जू गुप्ता एवं व व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर झाड़ियों में जा घुसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




- बेतरतीब पार्किंग और भारी वाहनों के प्रवेश से भी बढ़ी परेशानी, लोगों में नाराजगी

शहर में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर झाड़ियों में चली गई। घटना के दौरान कार में यवक युवती सवार थे। गनीमत रही की कार सवारों को किसी प्रकार की चोट नहीं आई। इधर इस हादसे का एक कारण सड़क पर बेतरतीब निर्माण सामग्री और भारी वाहनों की बेतरतीब पार्किंग को भी बताया जा रहा है। भारी वाहनों के प्रवेश से लोगों में रोष का माहौल है। इसके साथ ही लोगों द्वारा निर्माण सामग्री को सड़क पर गिराकर छोड़ दिया गया है जो दुर्घटना को न्यौता दे रहे है।

बताया जा रहा है कि रविवार की शाम घुटरापारा में बाकी डेम की तरफ से एक तेज रफ्तार कार चांदनी चौक की तरफ जा रही थी। इस दौरन चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया और कार सीधे सड़क व नाली को पार करते हुए खेत व झाड़ियों में चली गई। इस दौरान कार में एक युवक और युवती सवार थे जो घटना में बाल बाल बच गए। घटना के बाद दोनों कार छोड़कर फरार हो गए। इस घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार के साथ ही दुर्घटना का प्रमुख कारण भारी वाहनों की बेतरतीब पार्किंग है। सड़क पर जगह जगह ट्रक, ट्रैक्टर के साथ ही छोटा हाथी, पिकअप जैसे वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। ट्रकों से सामान उतारने के दौरान भी घंटों व्यवस्था बाधित रहती है। इसके साथ ही माल वाहक वाहन बेतरतीब तरीके से वाहन चलाते है। यही वजह है कि शुक्रवार को एक छोटा हाथी वाहन चालक की लापरवाही से बाइक स्वर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

#### ट्रक की लापरवाही से लगी आग

चांदनी चौक से घुटरापारा रोड पर भारी वाहनों का उत्पात भी जारी है। क्षेत्र शनिवार को विक्टोरिया पब्लिक स्कूल के समीप एक ओवर लोड ट्रक ने विद्युत पोल को टक्कर मार दिया और तार में उसका उपरी हिस्सा फंस गया। इस दौरान हाईटेंशन तार से चिंगारी निकलने लगी जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस दौरान एक खपरैल घर में भी शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। गनीमत रही की समय रहते स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया लेकिन घटना से लोगों में आक्रोश का माहौल है।




